बहुभाषी मासिक अख़बार

RNI NO.: UPMUL/2023/90347

सदा-ए-बुलंद

हमारी क़लम इन्साफ़ तक...

शाहजहाँपुर से प्रकाशित

वर्ष :03 अंकः 14 06 शाहजहाँपुर से तीनों ज़ुबानों हिन्दी, ऊर्दू, इंग्लिश एक साथ पहली बार शहजहाँपुर फरवरी 2026 पृष्ठ.8 मूल्य : 5 रूप्ये

गाजा की कमान कतर और तुर्की,अमेरिका और इजरायल की खतरे में दोस्ती

(आलम ए नजर– सदा ए बुलंद न्यूज) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा को लेकर बोर्ड ऑफ पीस की घोषणा को लेकर अमेरिका और इजरायल में तनाव उभर आया है. इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने शनिवार को यह कहकर चौंका दिया कि गाजा कार्यकारी बोर्ड की घोषणा को लेकर इजरायल से बात नहीं हुई थी. प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसे इजरायल की सरकारी नीति के खिलाफ बताया है. हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया कि इजरायल की आपत्ति किस बात पर है, लेकिन माना जा

रहा है कि यह बोर्ड में तुर्की और कतर के अधिकारियों को शामिल किए जाने को लेकर है.

ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में कतर और तुर्की के विदेश मंत्रियों को शामिल किया गया है. इजरायल ने गाजा में तुर्की की किसी भी भूमिका का विरोध किया है. इसके साथ ही वह कतर को भी हमास के समर्थक के रूप में देखता है. इस बीच अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से इजरायली न्यूज चौनल छ12 ने बताया कि गाजा के बोर्ड ऑफ पीस में कतर और तुर्की की मौजूदगी के बारे में इजरायल को पहले से सूचित नहीं किया गया था.

कथावाचक लगातार साल भर नाबालिग से करता रहा दुष्कर्म जबरन कराया गर्भपात, गिरफ्तार

दरभंगा/बिहार– सदा ए बुलंद न्यूज दरभंगा बिहार महिला थाने की पुलिस ने 17 जनवरी 2026 को कथावाचक श्रवण दास उर्फ श्रवण ठाकुर को गिरफ्तार किया है। एक 17 साल की नाबालिग लड़की ने उस पर शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक शोषण करने का

आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक श्रवण लड़की के घर किराए पर रहने लगा था। कथावाचक होने के कारण घरवालों ने मना नहीं किया। आरोप है कि इसी दौरान उसने लड़की को अपने भरोसे में लिया और शादी का वादा किया।

लड़की का कहना है कि घर के लोग जब बाहर जाते थे, तब वह गलत हरकतें करता था। बाद में लड़की के गर्भवती होने पर दो बार गर्भपात भी कराया गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। मामले में POCSO एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। करीब एक महीने से फरार चल रहा श्रवण अब पुलिस की गिरफ्त में है। गिरफ्तारी के वक्त उसने पत्रकारों से कहा, "सब लोगों को जय सिया राम।" फिलहाल तो कथावाचक अब पुलिस की गिरफ्त में है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर यूपी में धार्मिक और सियासी हलचल तेज

(प्रयागराज/सदा ए बुलंद न्यूज) ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य को समझदार नेता बताया। उन्होंने कहा– डिप्टी सीएम समझदार हैं, वो समझते हैं कि हमारे अफसरों से गलती हुई है।वह समझते हैं कि मामले को इस तरह से बढ़ाया नहीं जाना चाहिए। इससे हमको नुकसान हो रहा है। ऐसे समझदार व्यक्ति को मुख्यमंत्री होना चाहिए। जो अकड़ में और जिद में बैठा हो, उसे मुख्यमंत्री नहीं होना चाहिए।दरअसल, यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने गुरुवार को कहा था– पूज्य शंकराचार्य जी के चरणों में प्रणाम करता हूं और उनसे प्रार्थना करता हूं कि स्नान करें। किसी भी पूज्य संत या शंकराचार्य जी का अपमान हुआ है तो इसकी जांच कराकर कार्यवाही करेंगे।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 5 दिन से प्रयागराज माघ मेले में अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठे हैं। शुक्रवार सुबह उनकी बिगड़ गई। उन्हें तेज बुखार है। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वैनिटी वैन में दवा खाकर आराम करते रहे। भीड़ जुटने पर वे बाहर आकर अपनी पालकी पर बैठे।माघ मेला प्रशासन से टकराव के बीच शंकराचार्य ने बसंत पंचमी पर संगम स्नान भी नहीं किया।

अविमुक्तेश्वरानंद ने कल भास्कर से कहा था– जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगता, तब तक मैं स्नान नहीं करूंगा। प्रशासन नोटिस–नोटिस खेल रहा है। अभी मेरा मौनी अमावस्या का स्नान नहीं हुआ है, तो मैं वसंत का स्नान कैसे कर लूं? हालांकि, दो नोटिस भेजने के बाद से प्रशासनिक अफसर इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हैं।पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने बसंत पंचमी पर त्रिवेणी स्नान किया। वे व्हीलचेयर से संगम तट तक पहुंचे थे।शंकराचार्य के रुख पर थी। लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह अपनी मांग पर अड़े हैं।

सजा ए मौत में फांसी या जहर का इंजेक्शन

(दिल्ली–सदा ए बुलंद न्यूज) सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा के लिए फांसी की जगह कम तकलीफदेह तरीके अपनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका वरिष्ठ वकील ऋषि मल्होत्रा ने दायर की है। उन्होंने फांसी को मौत देने का क्रूर, अमानवीय और पुराना तरीका बताया है, जिसमें दोषी को लंबे समय तक दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फांसी की बजाय जहर का इंजेक्शन (लीथल इंजेक्शन) दिया जाए, जो तेजी से और कम पीड़ा के साथ मौत का कारण बनता है।

याचिका में कहा गया है कि कम से कम दोषी को विकल्प दिया जाए कि वह फांसी चाहता है या इंजेक्शन। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित की है, जो वैकल्पिक तरीकों पर अध्ययन कर रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल फांसी को सबसे तेज और सुरक्षित तरीका माना जा रहा है, इसलिए इसे बदलने के पक्ष में नहीं है।

मदरसों पर फैसला भारतीय संविधान की सर्वोच्चता और संवैधानिक मूल्यों की स्पष्ट जीत है: मौलाना असद मदनी

(सदा ए बुलंद न्यूज) जमीयत उलमा–ए–हिंद के अध्यक्ष हजरत मौलाना महमूद मदनी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा स्वतंत्र और गैर–मान्यता प्राप्त (नॉन–अफिलिएटेड) दीनी मदरसों के संबंध में दिए गए ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला भारतीय संविधान की सर्वोच्चता और संवैधानिक मूल्यों की स्पष्ट जीत है



मौलाना मदनी ने कहा कि यह फैसला उन सभी सरकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए एक साफ संदेश है जो दीनी मदरसों और मकतबों को बंद करने जैसे कदमों को अपनी उपलब्धि बताने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम न केवल असंवैधानिक थे, बल्कि अंत में खुद उन्हीं के लिए शर्मिंदगी का कारण बने।

आखिर मुस्लिम महिलाओं को अपनी मर्जी के पहनावे से परेशानी और दिक्कत क्यूं है....

(राजस्थान–सदा ए बुलंद न्यूज)आखिर मुसलमानों को उत्पीड़ना से कब तक जुझना पड़ेगा। अगर कोई भी महिला अपनी मर्जी से पहनावा पहनती हैं तो किसी को इससे दिक्कत क्यूं हो रही है। क्या यही है नयू इंडिया और डिजिटल इंडिया अगर यही न्यू इंडिया है तो हमारा देश खुशहाली अमन चौन की सिक्युलरिजम की तरफ जा रहा है या धर्म के नाम पर नफरतों के भंवर में उलझ रहा है।

राजस्थान में चल रही शिक्षक भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन लेवल–2 की परीक्षा दो पारियों में कराई गई. ज्यादातर केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई, लेकिन कोटा के एक परीक्षा केंद्र पर हिजाब को लेकर विवाद खड़ा हो गया. मुस्लिम छात्रा खुद के साथ हुए व्यवहार को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाती दिख रही है. बूंदी जिले की रहने वाली छात्रा अलीशा शिक्षक भर्ती परीक्षा देने कोटा पहुंची थी. उसका परीक्षा केंद्र महावीर नगर विस्तार योजना स्थित तिलक सीनियर सेकेंडरी स्कूल था. छात्रा और उसके परिवार का आरोप है कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद सिर्फ हिजाब पहनने की वजह से उसे परीक्षा हॉल में जाने से रोक दिया गया.

पर्व मकर संक्रान्ति खिचड़ी के पावन अवसर पर भव्य आयोजन

रिपोर्टः लल्लू शर्मा– संवाददाता **(सदा ए बुलंद न्यूज – गोरखपुर)**जनपद गोरखपुर में भव्य आयोजन में स्नान ध्यान एवं दान के महान पर्व मकर संक्रांति खिचड़ी के पावन अवसर पर गोक्षपीठाधीश्वर महंत उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रहा मुहूर्त में शिवावतारी महा योगी गुरु श्री गोरखनाथ जी को खिचड़ी चढ़ाई महाराज जी ने गुरु श्री गोरखनाथ जी से जन–जन के जीवन में आरोग्य सद्भावना और मंगल की कामना की

इंसाफ का तबादला... संभल हिंसा

(संभल– सदा ए बुलंद न्यूज)ASP अनुज चौधरी पर नहीं हुई FIR हाई कोर्ट जाने की तैयारी में पीड़ित परिवारय आलम की बहन ने कह दी ये बड़ी बात संभल हिंसा में दिव्यांग आलम को लगी गोली के बाद भी अनुज चौधरी पर थ्ट दर्ज न होने से पीड़ित परिवार हताश है. कोर्ट के आदेश पर भी कार्रवाई न होने पर आलम की बहन रजिया ने हाईकोर्ट जाने की बात कही है. परिवार आर्थिक संकट और डर में जी रहा है, न्याय की उम्मीद में लगातार संघर्ष कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा के दौरान दिव्याग युवक आलम गोली लगने से घायल हो गया था. परिजनों के मुताबिक, आलम बिस्किट बेचने निकला था, उसे हिंसा के बारे में जानकारी नहीं थी. इस मामले में पीड़ित परिवार एक साल से न्याय के लिए भटक रहा है. जिला कोर्ट ने अनुज चौधरी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं लेकिन उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, जिसे पीड़ित परिवार निराश है. केस दर्ज नहीं होने पर पीड़ित युवक की बहन रजिया ने हाई कोर्ट जाने की बात कही है।

दरअसल, 24 नवंबर 2023 को हुई हिंसा के दौरान पुलिस फायरिंग में आलम गोली लगने से घायल हो गया था. जिसके बाद से उसका इलाज चल रहा है. बहन रजिया ने कहा कि आलम और उनके पिता पर ही घर की जिम्मेदारी थी. आलम के घायल होने के बाद से परिवार की आर्थिक हालत और भी बदतर हो गई है. आरोप है कि पुलिस फायरिंग में युवक को गोली लगी थी जिसके एक साल बाद कोर्ट ने थ्ट दर्ज करने का आदेश दिया था.

तीन गोलियां लगने की कही बातः 22 वर्षीय आलम की बहन रजिया ने कहा कि आलम पहले से ही दिव्यांग है और तीन पहिया ठेले पर बिस्किट बेचकर परिवार का गुजारा करता था. गोली लगने के बाद किसी तरह उसकी जान तो बच गई, लेकिन अब उसका शरीर पूरी तरह कमजोर हो चुका है. परिवार गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना कर रहा है. एक साल से हम न्याय की उम्मीद में हैं.

रजिया ने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब है. पिता के अलावा आलम घर की कमाई का सहारा था, लेकिन इलाज के चलते परिवार पर कर्ज बढ़ गया है. पीड़िता का कहना है कि उनके भाई को तीन गोलियां लगी थीं लेकिन किसी तरह से उसकी जान बच गई।

इतनों ने गंवाई जानेः संभल हिंसा (नवंबर 2024) में 4 से 5 लोगों की मौत हुई थीय आधिकारिक तौर पर 4 की पुष्टि हुई, जबकि मीडिया रिपोर्ट्स और स्थानीय दावों के अनुसार कुल 5 लोग मारे गए थे, जिनमें बिलाल, नईम, कैफ और अयान शामिल थे, जिनकी मौत पुलिस फायरिंग या भीड़ द्वारा हुई गोलीबारी के कारण हुई, जिस पर विवाद है। मृतकों की संख्यारू 4 से 5 जिनके नाम बिलाल, नईम, कैफ और अयान।घटना का कारणरू जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प। मृत्यु का कारण (विवाद)रू परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस फायरिंग में मौत हुई, जबकि पुलिस का कहना है कि भीड़ की तरफ से हुई फायरिंग में मौतें हुईं। पुलिस कार्रवाईः पुलिस ने 2500 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज किया और जांच जारी है।

उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया हैः एएसपी अनुज चौधरी और इंस्पेक्टर अनुज तोमर समेत 15 से 20 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने वाले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (श्र्व्ड) विभांशु सुधीर का तबादला कर दिया गया है. उनका स्थानांतरण संभल से सुल्तानपुर किया गया है। दरअसल, संभल में हुई हिंसा के दौरान घायल हुए युवक आलम के पिता यमन की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए CJM विभांशु सुधीर ने अहम आदेश दिया था. उन्होंने एएसपी अनुज चौधरी, इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित 15 से 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे. अदालत का यह आदेश संभल हिंसा प्रकरण में पुलिस की भूमिका को लेकर बेहद अहम माना जा रहा था।संभल में जज का आनन फानन में तबादला पर कोर्ट में वकील का प्रदर्शन

इस आदेश के बाद जिले में हलचल तेज हो गई थी. संभल जिले के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि पुलिस इस आदेश के तहत मुकदमा दर्ज नहीं करेगी. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी और इसके खिलाफ अपील दायर की जाएगी. अब CJM विभांशु सुधीर के तबादले के बाद इस पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है. उनके स्थानांतरण को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं. हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इसे नियमित तबादला प्रक्रिया बताया जा रहा है, लेकिन समय और परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला सवालों के घेरे में भी आ रहा है।

ये है मामलाः ASP अनुज चौधरी पर नहीं हुई थ्ट, हाई कोर्ट जाने की तैयारी में पीड़ित परिवारय आलम की बहन ने कह दी ये बड़ी बात संभल हिंसा में दिव्यांग आलम को लगी गोली के बाद भी अनुज चौधरी पर थ्ट दर्ज न होने से पीड़ित परिवार हताश है. कोर्ट के आदेश पर भी कार्रवाई न होने पर आलम की बहन रजिया ने हाईकोर्ट जाने की बात कही है. परिवार आर्थिक संकट और डर में जी रहा है, न्याय की उम्मीद में लगातार संघर्ष कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा के दौरान दिव्याग युवक आलम गोली लगने से घायल हो गया था. परिजनों के मुताबिक, आलम बिस्किट बेचने निकला था, उसे हिंसा के बारे में जानकारी नहीं थी. इस मामले में पीड़ित परिवार एक साल से न्याय के लिए भटक रहा है. जिला कोर्ट ने अनुज चौधरी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं लेकिन उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, जिसे पीड़ित परिवार निराश है. केस दर्ज नहीं होने पर पीड़ित युवक की बहन रजिया ने हाई कोर्ट जाने की बात कही है।

दरअसल, 24 नवंबर 2023 को हुई हिंसा के दौरान पुलिस फायरिंग में आलम गोली लगने से घायल हो गया था. जिसके बाद से उसका इलाज चल रहा है. बहन रजिया ने कहा कि आलम और उनके पिता पर ही घर की जिम्मेदारी थी. आलम के घायल होने के बाद से परिवार की आर्थिक हालत और भी बदतर हो गई है. आरोप है कि पुलिस फायरिंग में युवक को गोली लगी थी जिसके एक साल बाद कोर्ट ने FIR दर्ज करने का आदेश दिया था।

तीन गोलियां लगने की कही बातः 22 वर्षीय आलम की बहन रजिया ने कहा कि आलम पहले से ही दिव्यांग है और तीन पहिया ठेले पर बिस्किट बेचकर परिवार का गुजारा करता था. गोली लगने के बाद किसी तरह उसकी जान तो बच गई, लेकिन अब उसका शरीर पूरी तरह कमजोर हो चुका है. परिवार गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना कर रहा है. एक साल से हम न्याय की उम्मीद में हैं।

रजिया ने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब है. पिता के अलावा आलम घर की कमाई का सहारा था, लेकिन इलाज के चलते परिवार पर कर्ज बढ़ गया है. पीड़िता का कहना है कि उनके भाई को तीन गोलियां लगी थीं लेकिन किसी तरह से उसकी जान बच गई।

इतनों ने गंवाई जानेः संभल हिंसा (नवंबर 2024) में 4 से 5 लोगों की मौत हुई थीय आधिकारिक तौर पर 4 की पुष्टि हुई, जबकि मीडिया रिपोर्ट्स और स्थानीय दावों के अनुसार कुल 5 लोग मारे गए थे, जिनमें बिलाल, नईम, कैफ और अयान शामिल थे, जिनकी मौत पुलिस फायरिंग या भीड़ द्वारा हुई गोलीबारी के कारण हुई, जिस पर विवाद है। मृतकों की संख्यारू 4 से 5 जिनके नाम बिलाल, नईम, कैफ और अयान।

घटना का कारणः जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प।मृत्यु का कारण (विवाद):परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस फायरिंग में मौत हुई, जबकि पुलिस का कहना है कि भीड़ की तरफ से हुई फायरिंग में मौतें हुईं। पुलिस कार्रवाईरू पुलिस ने 2500 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज किया और जांच जारी है।

उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया हैःएएसपी अनुज चौधरी और इंस्पेक्टर अनुज तोमर समेत 15 से 20 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने वाले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) विभांशु सुधीर का तबादला कर दिया गया है. उनका स्थानांतरण संभल से सुल्तानपुर किया गया है. दरअसल, संभल में हुई हिंसा के दौरान घायल हुए युवक आलम के पिता यमन की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए श्र्व्ड विभांशु सुधीर ने अहम आदेश दिया था. उन्होंने एएसपी अनुज चौधरी, इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित 15 से 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे. अदालत का यह आदेश संभल हिंसा प्रकरण में पुलिस की भूमिका को लेकर बेहद अहम माना जा रहा था।इस आदेश के बाद जिले में हलचल तेज हो गई थी. संभल जिले के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि पुलिस इस आदेश के तहत मुकदमा दर्ज नहीं करेगी. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी और इसके खिलाफ अपील दायर की जाएगी।

अब CJM विभांशु सुधीर के तबादले के बाद इस पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है. उनके स्थानांतरण को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं. हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इसे नियमित तबादला प्रक्रिया बताया जा रहा है, लेकिन समय और परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला सवालों के घेरे में भी आ रहा है।

कर्नल सोफिया कुरैशी केसः सुप्रीम कोर्ट ने एमपी सरकार से पूछा, अब तक मंत्री पर केस चलाने की मंजूरी क्यों नहीं?

(सदा ए बुलंद न्यूज) ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के बीजेपी मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ जांच पूरी हो जाने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक अभियोजन की मंजूरी न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त सवाल उठाए हैं।

मुख्य न्यायाधीश (CJI) की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि विशेष जांच टीम SIT ने अगस्त 2025 में ही अपनी जांच पूरी कर ली थी और राज्य सरकार से अभियोजन (केस चलाने) की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है. कोर्ट ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि कानून के तहत सरकार पर समय पर निर्णय लेने की वैधानिक जिम्मेदारी है. सुनवाई के दौरान CJI ने सीधे तौर पर पूछा, 'क्या हम सही समझ रहे हैं कि SIT ने राज्य सरकार से कार्रवाई के लिए अनुमति मांगी है और सरकार अब तक उस पर चुप बैठी हुई है?

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंत्री कुंवर विजय शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी पर दो हफ्ते में फैसला लेने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता और जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि कोर्ट द्वारा नियुक्त स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अपनी फाइनल रिपोर्ट जमा कर दी है। यह पूरा केस उस विवादित टिप्पणी से जुड़ा है, जो विजय शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूरश् के दौरान मीडिया ब्रीफिंग करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की थी। मंत्री शाह ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था, ष्जिन लोगों ने हमारी बेटियों को विधवा बनाया, उन्हें सबक सिखाने के लिए हमने उन्हीं की एक बहन को भेजा।'

वक्फ बोर्ड की इजाजत के बगैर मदरसों की जांच गैर-कानूनी- हाई कोर्ट

(सदा ए बुलंद न्यूज) इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि वक्फ बोर्ड की इजाजत के बिना मदरसों की जांच करना या उन्हें बंद करना गैरकानूनी है, क्योंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30(1) के तहत अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को अपनी पसंद के संस्थान स्थापित करने और चलाने का अधिकार है।हालांकि, यह भी स्पष्ट किया कि गैर–मान्यता प्राप्त मदरसे सरकारी अनुदान या मान्यता प्राप्त परीक्षाओं के लाभ के हकदार नहीं होंगे. यह फैसला एक ऐसे मदरसे की याचिका पर आया था जिसे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बंद करने का आदेश दिया था, और कोर्ट ने माना कि गैर–मान्यता के आधार पर किसी संस्थान को बंद करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है, और यह कदम मनमाना है।

आस–पास(शाहबाद/ हरदोई

बाज नहीं आ रहे बुलेट के साइलेंसर से ध्वानि प्रदुषण फैलाने वाले

रिपोर्ट – वैभव श्रीवास्तव (हरदोई – सदा ए बुलंद न्यूज)जनपद हरदोई के नगर शाहबाद का मामला कभी बुलेट एक शाही गाड़ी मानी जाती थी किसी जमाने में लेकिन अब यह एक आम बात हो गई है अब नया युवा बुलेट पर ही दिखाई देता है और सबसे खास बात यह है की बुलेट का साइलेंसर बदलवा कर नगर में शोर सराबा मचा कर निकलता है जिससे नगर की राहगीरों को बहुत ही समस्याएं होती हैं इस समस्या को लेकर शासन प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े बहुत से जनमानस ऐसे हैं जिनको दिल की कमजोरी के कारण यह बुलेट के साइलेंसर बदलने पर शोर सराबा बहुत ही अधिक खराब लगता है लेकिन बुलेट एक ऐसी गाड़ी जिसको हर एक युवा मॉडिफाई करा कर शोर सराबा नगर में फैला रहे है

बंदर पकड़वाने के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए गए लेकिन बंदरों का आतंक जारी है

रिपोर्ट–वैभव श्रीवास्तव (हरदोई– शाहबाद/सदा ए बुलंद न्यूज) जनपद हरदोई की नगरपालिका शाहबाद में बंदरों का आतंक दिखाई दे रहा है जबकि पिछले माह में बंदर पकड़ने की टीम बाहर से आई थी नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए का बिल बनाया गया बंदर पकड़वाने के नाम पर लेकिन बंदरों का आतंक फिर भी जारी है अब समझ में यह नहीं आ रहा है की बंदर पकड़वाने के नाम पर खाली खाना पूर्ति की गई और लाखों रुपए का बिल नगर पालिका द्वारा निकाल लिया गया शाहाबाद के जनमानस को बंदरों के आतंक से निजात नगर पालिका शाहाबाद नहीं दिला पा रहा है जब कि कागजों में बंदर पकड़वाने के नाम रोज खबरें चलाई जा रही थी सवाल यह है कि अगर सही से बंदर पकड़े जाते तो बंदर शाहाबाद नगर में नहीं देखे जाते उनका आतंक भी नहीं देखने को मिलता! बंदर पकड़वाने के नाम पर खाना पूर्ति की गई नगर पालिका शाहाबाद के द्वारा इसीलिए बंदरों का आतंक शाहाबाद में कम नहीं हुआ बंदरों का आतंक कागजों में कम हो गया है

हरदोई पुलिस ने विजगवां गांव में लगाई रात्रि चौपाल सर्दी में बढ़ते अपराधों पर ग्रामीणों को किया जागरूक

जनपद हरदोई (जिला संवाददाता वैभव श्रीवास्तव हरदोई) पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर जनपद में श्हम सबकी निगरानी गांव की जिम्मेदारीश् कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह ने शनिवार, 10 जनवरी की रात मंझिला थानाक्षेत्र के विजगवां गांव में एक रात्रि चौपाल का आयोजन किया।इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को सर्दी के मौसम में बढ़ने वाले अपराधों के प्रति जागरूक करना था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ही रात में आपराधिक घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिसका लाभउठाकर अराजक तत्व चोरी या अन्य वारदातों को अंजाम देते हैं।इन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे जनपद में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जा रहा है, जो अपराध नियंत्रण में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। थानाध्यक्ष मंझिला सत्येन्द्र कुमार ने समिति के सदस्यों को रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक नियमित रूप से गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सदस्यों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।इस रात्रि चौपाल में सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ–साथ बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

आकांक्षी ब्लाक संडीला में नीति आयोग (MSC) एम क्रिसिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन किया गया

(हरदोई–सदा ए बुलंद न्यूज)आकांक्षी ब्लॉक संडीला, जनपद हरदोई में नीति आयोग (MSC) एवं क्रिसिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बैंकिंग सेवाओं, बचत, बीमा, डिजिटल लेन–देन एवं सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी ने वित्तीय साक्षरता को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, हरदोई शाखा के मैनेजर अंकित कुमार सिंह ने बैंकिंग सुविधाओं एवं डिजिटल सेवाओं पर जानकारी दी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीएमएम निजाम अलवी के साथ सुनीता एवं विवेक ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन शशांक गंगल (MSC) व अनुपम तिवारी सी बी ओ क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्रिसिल फाउंडेशन वित्तीय साक्षरता केंद्र प्रबंधक अमित कुमार , सूरज कुमार , प्रतिमा भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया और वित्तीय योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास किया गया।

एसपी हरदोई का ताबड़तोड़ एक्शन जारी महिला उप-निरीक्षक समेत 8 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

रिपोर्ट – ताहिर ख़ान (हरदोई–सदा ए बुलंद न्यूज)हरदोई जनपद में अशोक कुमार मीणा द्वारा लापरवाह और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का सिलसिला लगातार जारी हैद्य इसी क्रम में एसपी हरदोई ने गंभीर आरोपों में महिला उपनिरीक्षक सहित कुल आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है इस बड़ी कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया हैद्य प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र में तैनात महिला उप निरीक्षक आकांक्षा सिंह कांस्टेबल सुरेश शर्मा कांस्टेबल गुरजीत सिंह तथा हेड कांस्टेबल अंबुज तिवारी पर गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजने की धमकी देकर उगाही करने के गंभीर आरोप लगे थेद्यमामले की जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर एसपी हरदोई ने सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दियाद्य एसपी की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां पुलिस विभाग में अनुशासन का सख्त संदेश गया है वहीं जनपद वासियों ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाए गए इन कदमों की खुलकर सराहना की है।

जय भोले सेवा समिति व जन सेवा समर्पण ट्रस्ट के तत्वाधान मे एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर

रिपोर्टः जुल्फेकार (शाहबाद–हरदोई सदा ए बुलंद न्यूज) जय भोले सेवा समिति व जन सेवा समर्पण ट्रस्ट द्वारा माँ संकटा देवी मंदिर प्रांगण मे निशुल्क नेत्र शिविर का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती जी द्वारा फीता काटकर किया गया जिसमें मुख्यरूप से महामंडलेश्वर स्वामी वृंदानंद महाराज जी मौजूद रहे। समिति की राष्ट्रीय सचिव पूजा गुप्ता जी ने बताया कि हमारी समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया जाता है। समिति प्रवक्ता रामसिंह राठौर ने कहा कि जय भोले सेवा समिति सर्वे भवन्तु सुखिनः के मंत्र से जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। डॉक्टर्स टीम प्रियंमवदा, विकास कुमार, गोविन्द त्रिवेदी, निशी, इकबाल आदि शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया व चिन्हित व्यक्तियों को आई हॉस्पिटल के लिए भेजा गया।

जय भोले सेवा समिति टीम बरिष्ठ समाजसेवी रामसिंह राठौर, अवंतिका तिवारी, पूजा गुप्ता, वंदना गुप्ता, गीता गुप्ता, आशीष गुप्ता, कमल किशोर गुप्ता, अन्यया गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सचिन मिश्रा, लालाराम दीक्षित, मयंक राजपूत, मानसी राजपूत, रामजी वर्मा, तैय्यब, जुल्फेकार, समीर सिंह,अरविन्द कुमार सिंह एडवोकेट संस्थापक एस एस एन जनकल्याण समिति,हिमांशू सिंह एडवोकेट,वरिष्ठ सदस्य कमलेश मिश्रा समाजसेवी, युवा समाजसेवी शिवपूजन राठौर श्राघवश्आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

शाहाबाद कोतवाली के सामने युवक ने आग लगा ली पुलिस पर सुनवाई न करने के गंभीर आरोप

रिपोर्ट – वैभव श्रीवास्तव (हरदोई शाहाबाद/सदा ए बुलंद न्यूज)हरदोई जनपद के शाहाबाद क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब शाहाबाद कोतवाली के सामने एक युवक ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। युवक का आरोप है कि वह अपनी समस्या को लेकर लंबे समय से पुलिस के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। न्याय न मिलने से आहत होकर युवक ने यह खौफनाक कदम उठाया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने कोतवाली के सामने अपने ऊपर तेल डाल लिया और आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों में भी कुछ देर के लिए अफरा–तफरी मच गई। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप कर युवक को आत्महत्या करने से रोक लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की पहचान मोहल्ला चौक निवासी सोनी के रूप में की गई है। युवक का कहना है कि वह जिस मामले को लेकर कोतवाली आया था, उसमें पुलिस द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही थी और उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। बार–बार गुहार लगाने के बावजूद जब उसे न्याय की कोई उम्मीद नहीं दिखी, तो उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाने का प्रयास किया। घटना के बाद युवक को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। हालांकि इस पूरे मामले ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि यदि समय रहते युवक की शिकायत पर सुनवाई होती, तो क्या उसे इतना बड़ा कदम उठाने की नौबत आती?स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना पुलिस–जन संवाद की कमी को उजागर करती है। वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को देखा जाएगा। लेकिन फिलहाल यह घटना पुलिस की संवेदनशीलता और शिकायतों पर समय पर कार्रवाई को लेकर कई सवाल छोड़ गई है।

थाना पाली परिसर में सनसनी पति ने पत्नी को मारी गोली

रिपोर्ट–ताहिर ख़ान (पाली हरदोई– सदा ए बुलंद न्यूज)हरदोई जनपद के थाना पाली में उसे समय हड़कंप मच गया जब अनूप यादव नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सोनी को गोली मार दीद्य घटना थाना परिसर के अंदर होने से पुलिस महक में अफरा तफरी मच गईद्य गोली लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जिसे मौके पर मृदा घोषित कर दिया गया पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है घटना के कर्म की छानबीन की जा रही है

एक नज़र में

पति ने अंडा करी बनाने से किया इन्कार तो पत्नी ने दांतों से काट ली जुबान

(गाजियाबाद/सदा ए बुलंद न्यूज) उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मोदीनगर की संजयपुरी कॉलोनी में एक महिला ने अपने पति की जीभ दांतों से काटकर अलग कर दी। पति का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने घर में अंडा करी बनाने से मना किया था। घटना के बाद यह बात भी सामने आई है कि पत्नी अपनी शादी से खुश नहीं थी। विपिन को मोदीनगर के हॉस्पिटल ले जाया गया। विपिन की मां गीता ने थाने में एसएचओ को बताया कि ईशा शराब और बीड़ी पीती है। रोजाना विपिन पर शराब और बीड़ी लाने के लिए दबाव बनाती है। इंस्टाग्राम पर पूरे दिन रील बनाती है। रील बनाने को मना करने पर ईशा आत्महत्या की धमकी देकर पूरे परिवार को जेल भिजवाने की बात करती थी।

देश हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा इसे कोई नहीं रोक सकता

(सदा ए बुलंद न्यूज) RRS के चीफ मोहन भागवक ने मथुरा के वृंदावन में एक समारोह में कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा और इसे कोई नहीं रोक सकता है. भागवत ने कहा कि आने वाले 20–30 सालों में भारत विश्वगुरु बनकर सुख–शांति भरा जीवन देने वाला राष्ट्र बनेगा.

गैंगरेप केस में मोईद ख़ान को कोर्ट ने बाइज्जत बरी किया



(अयोध्या/ सदा ए बुलंद न्यूज) साल 2024 में अयोध्या के भदरसा क्षेत्र के एक नाबालिग से गैंगरेप मामले में सपा नेता मोईद खान को कोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया है. कोर्ट ने उनके नौकर राजू खान को रेप का दोषी पाया. कल राजू खान को सजा सुनाई जाएगी. इस मामले में मोईद खान की बेकरी शॉप और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बुलडोजर एक्शन तक हुआ था. अब DN। रिपोर्ट के बाद आरोप साबित नहीं होने पर उन्हें कोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया है।

नगर आयुक्त ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है

रिपोर्ट/खालिद खान (शाहजहांपुर/सदा ए बुलंद न्यूज) आज नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने वार्ड नंबर 50 रंगीन चौपाल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर आयुक्त ने कहा कि इससे महानगर में सफाई व्यवस्था में सुधार होगा और लोगों से अपील की कि वे अपने कचरे को अलग–अलग कर नगर निगम के कूड़ा वाहन को दें। नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहनों की देखभाल और कार्यों को ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 50 के पार्षद मोहसिन व नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

हिन्दी ओलम्पियाड में सेंट पाल्स के छात्रों का जलवा

सकीना, अदीना, दक्शित पाल, अफ्फान हुसैन, समीन फातमा रहीं प्रथम

रिपोर्ट – राशिद हुसैन (शाहजहांपुर/सदा ए बुलंद न्यूज)

महात्मा गांधी राजभाषा हिन्दी प्रचार संस्था पुणे की अखिल भारतीय हिन्दी ओलम्पियाड में सेंट पाल्स इंटर कालेज की कक्षा दो की छात्रा सकीना खान समेत अदीना, दक्शित पाल, मोहम्मद अफ्फान हुसैन, समीन फातमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों को संस्था की ओर से स्कूल में मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय हिन्दी ओलम्पियाड की सुबोध परीक्षा विगत दिनों आयोजित की गई थी। शहबाजनगर निवासी मोहम्मद उस्मान रजा खां व शिक्षिका सुमैया खान की पुत्री सकीना खान अपनी कक्षा में मानीटर भी है।

संभल के(CJM) विभांशु सुधीर के तबादले ने राजनीतिक और कानूनी हलकों में हंगामा बरपा

(सदा ए बुलंद न्यूज) संभल हिंसा मामले में बड़ा अदालती आदेश देने वाले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) विभांशु सुधीर के तबादले ने राजनीतिक और कानूनी हलकों में नई बहस छेड़ दी है. 15 से 20 पुलिसकर्मियों, जिनमें एएसपी अनुज चौधरी और इंस्पेक्टर अनुज तोमर शामिल हैं, पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने के बाद उनका संभल से सुल्तानपुर ट्रांसफर कर दिया गया. इस घटनाक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सवाल उठाए हैं. अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "सत्य का तबादला नहीं होता" और न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है. उनके मुताबिक अगर

न्यायिक फैसलों के बाद ऐसे घटनाक्रम सामने आते हैं, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है. यह आदेश उस याचिका पर आया था, जो संभल हिंसा में घायल युवक आलम के पिता ने दायर की थी. अदालत ने पुलिस की भूमिका की जांच को जरूरी बताते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे. हालांकि, पुलिस प्रशासन पहले ही इस आदेश को मानने से इनकार कर चुका था और हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही थी.अब जज के तबादले के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है. प्रशासन इसे सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया बता रहा है, लेकिन फैसले के समय और परिस्थितियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

भाकियू (स्वराज) ने आर्थिक कारणों से कोई भी होनहार छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से वंचित न रहे डा0 अलीशा सिददीकी

(शाहजहांपुर सदा ए बुलंद न्यूज) शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शाहीन कैंब्रिज अकैडमी लखनऊ की प्रबंध निदेशक डॉ. अलीशा सिद्दीकी लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने नीट, जेईई एवं आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र–छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अनुभवी शिक्षकों की व्यवस्था कम शुल्क पर सुनिश्चित की है। डॉ. अलीशा सिद्दीकी ने बताया कि अकैडमी का मुख्य उद्देश्य यह है कि आर्थिक कारणों से कोई भी होनहार छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से वंचित न रहे। इसी क्रम में अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को विशेष शुल्क छूट प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मदरसों में तालीम हासिल कर रहे हाफिज और आलिम बच्चों के लिए भी विशेष रियायतें लागू की गई हैं, ताकि वे आधुनिक शिक्षा के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि अकैडमी में विषय विशेषज्ञ और अनुभवी शिक्षकों को जोड़ा गया है, जो छात्रों को नीट, जेईई और आईआईटी जैसी परीक्षाओं के नवीनतम पाठ्यक्रम और पैटर्न के अनुसार मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। नियमित कक्षाओं के साथ–साथ टेस्ट सीरीज, डाउट क्लियरिंग सेशन और व्यक्तिगत काउंसलिंग की भी व्यवस्था की गई है।यह जानकारी डॉ. अलीशा सिद्दीकी ने मदरसा नूर उल हुदा में आयोजित एक सेमिनार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर देना ही अकैडमी की प्राथमिकता है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और इसी लक्ष्य को लेकर शाहीन कैंब्रिज अकैडमी निरंतर कार्य कर रही है।

पत्रकार वार्ता के दौरान मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से अल्पसंख्यक और मदरसा पृष्ठभूमि के बच्चों को मुख्यधारा की प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर मदरसा नुरुल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, इजहार हसन, कामरान हुसैन, मोईन खान, ममनून खान, जहूर, साजिद अली खान, मोईन खान, शारिक अली खान, सूबुही खान विनीत खन्ना, प्रेमचंद, शरीफ कुरैशी, आसिफ फरीदी, गुलरेज फरीदी, शबनम खान, आदि मौजूद रहे

ई-रिक्शा एवं ओवरस्पीड वाहनों पर चलाया गया यातायात पुलिस का विशेष अभियान

रिपोर्ट – अनीश ख़ान

(शाहजहांपुर– सदा ए बुलंद न्यूज) पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर, शाहजहाँपुर के कुशल निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा नगर क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या को कम करने हेतु यातायात पुलिस शाहजहाँपुर द्वारा आज एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर ई–रिक्शा वाहनों की गहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 71 ई–रिक्शा के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चालान की कार्यवाही की गई तथा 01 ई–रिक्शा व 01 ईको वाहन को सीज कर पुलिस लाइन में खड़ा कराया गया।

इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग 24ß30 पर स्पीड लेजर गन के माध्यम से प्रभारी यातायात श्री विनय पाण्डेय द्वारा निर्धारित गति सीमा से अधिक गति पर चल रहे वाहनों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई, जिसमें 55 ओवरस्पीड वाहनों का चालान किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न नियम उल्लंघनों के कुल 450 चालान किए गए।प्रभारी यातायात श्री विनय पाण्डेय द्वारा बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से भविष्य में भी जागरूकता कार्यक्रमों के साथ–साथ प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि सड़क पर सुरक्षित रहने हेतु यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनकर सड़क दुर्घटना मुक्त शाहजहाँपुर बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

जब जुर्म साबित नहीं तो जमानत क्यूं नहीं डी. वाई. चंद्रचूड़

(सदा ए बुलंद न्यूज)

जयपुर साहित्य महोत्सव में पूर्व CJI डी. वाई. चंद्रचूड़ का बड़ा बयान जयपुर साहित्य महोत्सव के मंच से पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने उमर खालिद की जमानत से जुड़े सवाल पर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि "सजा से पहले जमानत को एक अधिकार माना जाना चाहिए, क्योंकि कानून की बुनियाद इस सिद्धांत पर टिकी है कि दोष सिद्ध होने तक हर व्यक्ति निर्दोष होता है।" हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े

मामलों में अदालतों को जमानत पर फैसला करते समय विशेष सतर्कता और गहन जांच करनी चाहिए। उमर खालिद के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अगर आरोपी के दोबारा अपराध करने, सबूतों से छेड़छाड़ या फरार होने की आशंका नहीं हो, तो जमानत दी जानी चाहिए।

कलेक्ट्रेट परिसर में वकील की खुली दबंगई, जमीन बेचने में करोड़ों का फर्जीवाड़ा महिलाओं से मारपीट पत्रकारों पर भी हमला

(रिपोर्ट: खालिद ख़ान शाहजहांपुर/ सदा ए बुलंद न्यूज शाहजहांपुर) कलेक्ट्रेट परिसर उस समय अराजकता का केंद्र बन गया जब फरियाद लेकर पहुंचे दर्जनों महिला–पुरुष पीड़ितों के साथ कथित तौर पर कुछ वकीलों ने गाली–गलौज और मारपीट की। पीड़ित महिलाओं ने खुलेआम मारपीट किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, थाना रोजा क्षेत्र से पीड़ित करोड़ों रुपये की जमीन से जुड़े विवाद की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। आरोप है कि सत्ता पक्ष से जुड़े एक नेता, जो स्वयं को मंत्रियों का करीबी बताता है, मंत्रियों के नाम का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद–फरोख्त कर रहा है। इसी जमीन घोटाले से जुड़े मामले की शिकायत करने पर पीड़ितों को दबाने का प्रयास किया गया।

पीड़ितों का आरोप है कि शिकायत के दौरान कुछ वकीलों ने न सिर्फ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि महिलाओं के साथ धक्का–मुक्की और मारपीट भी की गई। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे पत्रकारों के साथ भी कथित रूप से बदसलूकी की गई। आरोप है कि पत्रकारों के मोबाइल फोन छीने गए और तोड़ दिए गए।

महिलाओं ने अधिवक्ता राकेश शर्मा , मुकेश चंद्र शर्मा,पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मारपीट की और मोबाइल फोन छीन लिए। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि कलेक्ट्रेट जैसा संवेदनशील और सुरक्षित माना जाने वाला परिसर यदि दबंगों से सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता न्याय की उम्मीद कहां करे।

घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा–तफरी मच गई। पीड़ितों और पत्रकारों में भारी आक्रोश है। सभी ने जिला प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, मुकदमा दर्ज करने और सुरक्षा की मांग की है।पीड़ित महिलाओं ने बताया कि आरोपी खुलेआम सत्ता की धमकी देते हुए शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे थे। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन घटना ने जिला प्रशासन और कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

رمضان المبارک کی فضیلت : مسائل واحکام

(صدائے بلند نیوز ایجنسی) رمضان المبارک میں نیکی کا اجر کئی گنا زیادہ ہوجاتا ہے۔ رغبت رکھنے والے ہر انسان کے لئے بھلائی کے تمام دروازے کھلے ہوئے ملتے ہیں۔ اسی بابرکت مہینہ میں قرآنِ مجید نازل ہوا۔ اس کا پہلا حصہ رحمت، دوسرا مغفرت اور تیسرا جہنم سے آزادی کا ہے۔ ابوہریرہ رضی اللہ تعالیٰ عنہ فرماتے ہیں کہ نبی صلی اللہ علیہ وسلم نے فرمایا: "جب رمضان کا مہینہ آتا ہے تو جنت کے دروازے کھول دیے جاتے ہیں، جہنم کے دروازے بند کردیے جاتے ہیں جبکہ شیاطین کو زنجیروں میں جکڑ دیا جاتا ہے۔" (مسلم: ۲۹۴۲)

رمضان المبارک اور پانچ خصوصیات: حضرت ابوہریرہ فرماتے ہیں کہ نبی کریم صلی اللہ علیہ وسلم نے ان پانچ خصوصیات کا ذکر کرتے ہوئے فرمایا: میری اُمت کو رمضان المبارک میں پانچ ایسی خصوصیات دی گئی ہیں جو پہلی کسی بھی امت کے حصہ میں نہیں آئیں: (۱) روزہ دار کے منہ کی بو اللہ تعالیٰ کے ہاں مشک کی خوشبو سے زیادہ محبوب ہے۔ (۲) روز داروں کے لئے فرشتے استغفار کرتے ہیں حتیٰ کہ وہ روزہ افطار کرلیں۔ (۳) اللہ تعالیٰ روزانہ جنت کو مزین کرتے ہیں اور فرماتے ہیں: "میرے نیک بندوں سے عنقریب آزمائش ختم ہوگی اور وہ تیرے اندر داخل ہوں گے۔" (۴) شیاطین کو بند کردیا جاتا ہے، وہ عام دنوں کی طرح لوگوں کو گمراہ نہیں کرسکتے۔ (۵) رات کے آخری پہر لوگوں کی بخشش کی جاتی ہے۔ (مسند امام احمد: ۷۵۸۷)

